दो गुटों में फायरिंग, 4 आरोपी गिरफ्तार

पुराने कबड्डी ग्राउंड के पास हुई घटना, पुलिस ने हथियार बरामद कर जांच तेज की

समर न्यूज | मोहाली



मोहाली में दो गुटों के बीच हुई झड़प के दौरान फायरिंग का मामला सामने आया है। इस घटना में एक युवक घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, यह घटना सेक्टर-115 स्थित गांव भगोमाजरा के पुराने कबड्डी ग्राउंड के पास हुई। पुलिस को शिकायतकर्ता ने बताया कि वह अपने दोस्त के जन्मदिन समारोह में शामिल होने आया था, जहां किसी बात को लेकर विवाद हो गया।

विवाद के बाद दोनों गुटों के बीच कहासुनी बढ़ गई और मामला हाथापाई तक पहुंच गया। इसी दौरान दूसरे पक्ष के कुछ युवकों ने फायरिंग कर दी, जिसमें एक युवक के हाथ में गोली लग गई। घायल युवक का फिलहाल अस्पताल में इलाज चल रहा है।

मामले की जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारी हरसिमरनजीत सिंह बल ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान रितिंदर सिंह, सावेज खान, जॉबनप्रीत सिंह और हार्दिक अडालखा के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में इस्तेमाल हथियार भी बरामद कर लिया है। साथ ही अन्य संदिग्धों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पूछताछ जारी है। इस संबंध में पुलिस ने आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है और पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है।

मोहाली पुलिस ने नशा करने के आरोप में 4 को किया गिरफ्तार

मोहाली| मोहाली पुलिस ने चार युवकों को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। थाना बलौंगी के प्रभारी परविंदर ग्रेवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर मनदीप सिंह निवासी फतेहगढ़ साहिब, अमनप्रीत सिंह निवासी मोहाली, हरमनप्रीत सिंह निवासी रोपड़ और हरजोत सिंह निवासी बलौंगी को काबू किया गया। जांच के दौरान आरोपियों का डोप टेस्ट करवाया गया, जिसमें सभी के परिणाम पॉजिटिव पाए गए। पूछताछ में मुख्य आरोपी मनदीप सिंह ने खुलासा किया कि वह मोरिंडा से हेरोइन लाकर सप्लाई करता था और अपने साथियों को भी नशा करवाता था। पुलिस ने 11.10 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने मुख्य आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड हासिल कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों को नशा छुड़ाने के केंद्र में दाखिल कराया गया है। मामला दर्ज कर आगे की जांच जारी है।

मोहाली गांव में स्वागत गेट का उद्घाटन, मेयर अमरजीत सिंह जीती सिद्धू ने किया शुभारंभ

12 लाख की लागत से बना गेट, गांव के इतिहास और पहचान को मिलेगा सम्मान

समर न्यूज | मोहाली



मोहाली नगर निगम के मेयर अमरजीत सिंह जीती सिद्धू ने आज गांव मोहाली में शहर के स्वागत गेट के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मोहाली शहर की शुरुआत इसी गांव से हुई है और इस गांव का इतिहास बेहद गौरवशाली रहा है।

मेयर ने कहा कि गांव मोहाली ने शहर के विकास के लिए अपनी जमीन दी, लेकिन इसके बावजूद गांव को वह सम्मान नहीं मिल पाया, जिसका वह हकदार है। उन्होंने बताया कि इस स्वागत गेट के माध्यम से गांव की ऐतिहासिक पहचान को संजोने की कोशिश की गई है, ताकि यहां से गुजरने वाले हर व्यक्ति को इस स्थान के महत्व का पता चल सके। उन्होंने जानकारी दी कि इस गेट के निर्माण पर लगभग 12 लाख रुपये की लागत आई है। आने वाले समय में भी ऐसे प्रोजेक्ट लाए जाएंगे, जो शहर के इतिहास और संस्कृति को दर्शाएंगे।

इस मौके पर मेयर ने सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि नगर निगम के कार्यों में बाधाएं डाली जा रही हैं। इसके बावजूद उन्होंने कहा कि वह और उनकी टीम शहर के विकास और जनता की सेवा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार मोहाली की कीमती जमीन बेचकर अपने खर्च पूरे कर रही है, जबकि जिन गांवों ने यह जमीन दी, उनके विकास पर ध्यान नहीं दिया जा रहा।

मेयर ने कहा कि मोहाली को आधुनिक सुविधाओं से लैस शहर बनाने के लिए कई योजनाओं पर काम किया जा रहा है, जिनमें सड़कों की मरम्मत, साफ-सफाई व्यवस्था, पानी की आपूर्ति और नई इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाएं शामिल हैं।

गमाडा दफ्तर के बाहर भूख हड़ताल जारी, कांग्रेस नेता अमरजीत भी समर्थन में पहुंचे

समर न्यूज | मोहाली



मोहाली जिले में किसानों द्वारा अपनी पुश्तैनी जमीन को बचाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन तेज हो गया है। किसान रमडा दफ्तर के बाहर पिछले कई दिनों से धरना और भूख हड़ताल पर बैठे हुए हैं।

इस आंदोलन को समर्थन देने के लिए कांग्रेस नेता अमरजीत सिंह गिल भी अपने साथियों सहित धरना स्थल पर पहुंचे और किसानों के साथ एकजुटता दिखाई।

धरने को संबोधित करते हुए अमरजीत सिंह गिल ने कहा कि इलाके के किसान अपनी जमीन बचाने के लिए मजबूरी में सड़कों पर उतरने को विवश हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार और प्रशासन किसानों के साथ अन्याय कर रहे हैं, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि किसानों की जायज मांगों को तुरंत माना जाना चाहिए और उनकी पुश्तैनी जमीन को अधिग्रहण से बचाया जाना चाहिए। किसानों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक उनका धरना और भूख हड़ताल जारी रहेगा। वहीं, प्रशासन की ओर से अभी तक इस मामले में कोई ठोस समाधान सामने नहीं आया है, जिससे किसानों में रोष लगातार बढ़ता जा रहा है।

नाबालिग साली से दुष्कर्म आरोपी जीजा गिरफ्तार

समर न्यूज | पंचकूला

हरियाणा के पंचकूला में महिला थाना पुलिस ने नाबालिग साली के साथ यौन शोषण के आरोपी जीजा को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी उत्तर प्रदेश का मूल निवासी है और पंचकूला में रह रहा था। उसे कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामले का खुलासा तब हुआ जब एक स्कूल सत्र के दौरान 13 वर्षीय छात्रा ने अपनी आपबीती बताई। पीड़िता के अनुसार, जून 2024 में आरोपी ने छेड़छाड़ की और अक्टूबर 2024 में दुष्कर्म किया। पुलिस ने पहले जीरो FIR दर्ज की थी, बाद में 31 मार्च को पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया। जांच अधिकारी एएसआई सुदेश कुमारी ने 2 अप्रैल को आरोपी को गिरफ्तार किया।

ओरल कैंसर के खिलाफ जंग, जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार : अजय मित्तल

मुकुल शर्मा | पंचकूला
समर न्यूज



भाजपा जिला मुख्यालय पंचकमल में अप्रैल माह में मनाये जाने वाले विश्व मौखिक कैंसर माह के अवसर पर जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने समाज में मौखिक कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जागरूकता पोस्टर लांच कर विशेष अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर प्रदेश पदाधिकारी वरिंद्र गर्ग, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला प्रभारी आशीष गुलेरिया, प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक डॉ हरीश वशिष्ठ, डॉ संजय भट्ट, डॉ अमित अग्रवाल, जागरूकता अभियान के संयोजक डॉ मनोज राव, डॉ ऋचा, डॉ राहुल गोयल, डॉ ज्योति यादव, डॉ सुमित, डॉ तरुण, डॉ मानसी, डॉ सोनाली, जिला मीडिया इंचार्ज के. चन्दन, कार्यालय सचिव संजीव शर्मा सहित तमाम चिकित्सक एवं पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। अभियान के निमित्त आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने कहा, मौखिक कैंसर आज भारत सहित पूरे विश्व में तेजी से फैलने वाली गंभीर बीमारियों में से एक बन चुका है। उन्होंने कहा, विशेषज्ञों के अनुसार, तंबाकू, गुटखा, पान मसाला, धूम्रपान और अत्यधिक शराब का सेवन मौखिक कैंसर के प्रमुख कारण हैं। मित्तल ने कहा, जागरूकता की कमी और समय पर जांच न कराने के कारण यह बीमारी अक्सर गंभीर अवस्था में सामने आती है, जिससे उपचार कठिन हो जाता है। जागरूकता अभियान के संयोजक डॉ मनोज राव ने बताया, इस अभियान के तहत पंचकूला जिले के गांव, नगरों और बस्तियों में आम जन को मौखिक कैंसर के लक्षणों, जैसे मुंह में न भरने वाले घाव, सफेद या लाल धब्बे, लगातार दर्द या सूजन के बारे में जानकारी दी जाएगी साथ ही लोगों को नियमित जांच कराने और गलत आदतों को त्यागने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यदि मौखिक कैंसर का प्रारंभिक अवस्था में पता चल जाए तो इसका उपचार संभव और सफल होता है।

प्रशासनिक न्यायाधीश ने अदालतों का किया निरीक्षण

समर न्यूज | मोहाली

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय, चंडीगढ़ के माननीय न्यायाधीश तथा सेशंस डिवीजन एस.ए.एस. नगर के प्रशासनिक न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति महाबीर सिंह सिंधु द्वारा 2 अप्रैल 2026 को एस.ए.एस. नगर स्थित न्यायिक अदालतों का वार्षिक निरीक्षण किया गया। उनके आगमन पर अतुल कसाना, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, एस.ए.एस. नगर; कोमल मित्तल, उपायुक्त; श्री हरमनदीप सिंह हंस, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक; सेशंस डिवीजन के सभी न्यायिक अधिकारी, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष तथा अन्य गणमान्य अधिकारियों द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। निरीक्षण के दौरान माननीय न्यायमूर्ति महाबीर सिंह सिंधु ने जिला अदालतों के कार्यकलापों एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

शेफ हरपाल सोखी ने चंडीगढ़ में कारीगिरी रेस्टोरेंट किया लॉन्च

शगुन शर्मा | चंडीगढ़
समर न्यूज



मशहूर सेलिब्रिटी शेफ हरपाल सिंह सोखी ने सेक्टर 26, चंडीगढ़ में अपना 12वां रेस्टोरेंट 'कारीगिरी' अनोखे अंदाज में बारात निकालकर लॉन्च किया। इस खास लॉन्च इवेंट ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया और पंजाबी संस्कृति की झलक पेश की। 'कारीगिरी' रेस्टोरेंट को पारंपरिक और आधुनिक कॉन्सेप्ट के मेल से तैयार किया गया है। इसकी सबसे बड़ी खासियत 'आंगन कॉन्सेप्ट' है, जिसमें रेस्टोरेंट के अंदर ही एक पारंपरिक आंगन बनाया गया है। यह डिजाइन ग्राहकों को देसी माहौल और घर जैसा अनुभव देने के लिए तैयार किया गया है। रेस्टोरेंट में एक अनोखा 'ब्रेड बार' भी बनाया गया है, जिसमें 20 तरह की रोटियां और उनसे जुड़ी कहानियां पेश की जा रही हैं। शेफ सोखी के अनुसार, यह सिर्फ खाना नहीं बल्कि एक अनुभव है, जहां हर डिश के पीछे एक कहानी छिपी है। मेन्यू में खास तौर पर बटर चिकन के तीन अलग-अलग वेरिएंट क्लासिक, व्हाइट और ग्रीन बटर चिकन लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। 'ग्रीन बटर चिकन' को मेन्यू में शामिल करने की प्रेरणा फराह खान से मिली, जिन्हें यह डिश बेहद पसंद आई थी। शेफ सोखी ने बताया कि उनका मेन्यू 'स्टोरीटेलिंग' पर आधारित है, जिसमें उनकी यात्राओं, पारिवारिक रेसिपी और पंजाबी विरासत की झलक मिलती है। उन्होंने कहा कि आज के समय में लोग सिर्फ खाना नहीं, बल्कि एक संपूर्ण अनुभव चाहते हैं।

सेक्टर-39 में नई मंडी स्थल का निरीक्षण

शेड्स की पेंटिंग, एससीओ साइट्स समतल करने और फेंसिंग लगाने के आदेश

समर न्यूज | चंडीगढ़



मंसूर मोहम्मद, आईएएस, सचिव, राज्य कृषि विपणन बोर्ड, चंडीगढ़ ने आज सेक्टर-39 स्थित नई मंडी स्थल का दौरा कर वहां उपलब्ध बुनियादी ढांचे की समीक्षा की और मंडी को शीघ्र संचालित करने के लिए आवश्यक कदमों का आकलन किया। दौरे के दौरान सचिव ने स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया और उपलब्ध सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बोर्ड के तकनीकी स्टाफ के साथ बातचीत कर वर्तमान स्थिति और आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। फल एवं सब्जी मंडी के अंतर्गत एससीओ साइट्स का गहन निरीक्षण किया गया, वहीं मंडी के दूसरे चरण के रूप में विकसित हो रहे अनाज मंडी क्षेत्र का भी अवलोकन किया गया। सचिव ने मंडी के विकास कार्यों में तेजी लाने और तैयारियों को जल्द पूरा करने के लिए कई निर्देश जारी किए। उन्होंने मौजूदा शेड्स की पेंटिंग कराने तथा ई-ऑक्शन प्रक्रिया के अंतर्गत आने वाले फल एवं सब्जी मंडी के एससीओ साइट्स को समतल करने के निर्देश दिए। साथ ही, कचरा फेंकने और अतिक्रमण को रोकने के लिए संवेदनशील व आसानी से पहुंच योग्य स्थानों पर चेन-लिंक फेंसिंग लगाने को कहा। इसके अतिरिक्त, क्षतिग्रस्त सीमा दीवार के हिस्सों के पुनर्निर्माण तथा अनाज नीलामी शेड क्षेत्र से झाड़ियों को हटाने के निर्देश दिए गए, ताकि परिसर की स्वच्छता और उपयोगिता सुनिश्चित की जा सके। स्थल पर प्रशासनिक उपस्थिति की आवश्यकता पर जोर देते हुए सचिव ने नई मंडी स्थल पर मंडी बोर्ड का एक अस्थायी कार्यालय स्थापित करने के निर्देश भी दिए, ताकि कार्यों के समन्वय और निगरानी में सुविधा हो सके। यह दौरा सेक्टर-39 की नई मंडी को समयबद्ध और प्रभावी तरीके से पूर्ण रूप से क्रियाशील बनाने के प्रति बोर्ड की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिससे किसानों, व्यापारियों और अन्य हितधारकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

जिला भाषा कार्यालय में रू-ब-रू कार्यक्रम आयोजित किया

समर न्यूज | मोहाली

जिला भाषा कार्यालय मोहाली में साहित्यिक सथ की ओर से प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. बलविंदर कौर बराड़ के साथ विशेष रू-ब-रू कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भाषा विभाग, पंजाब की ध्वनि 'धनु लेखारी नानका' से की गई।

डॉ. दविंदर सिंह बोहा ने उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए डॉ. बराड़ के पंजाबी भाषा और साहित्य में योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. बराड़ निरंतर आगे बढ़ने और समाज को दिशा देने वाली प्रेरणादायक शख्सियत हैं।

मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. बलविंदर कौर बराड़ ने साहित्य, समाज और जीवन दर्शन पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि आज के दौर में लोग एक-दूसरे से प्रश्न-पत्र बनकर मिलते हैं, जबकि जीवन को कविता की तरह जीना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन की चुनौतियां इंसान को निखारती भी हैं और बिखेरती भी हैं, इसलिए हमें दूसरों के दोषों की बजाय उनके गुणों को अपनाने की कोशिश करनी चाहिए।

नारी सशक्तिकरण पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि लड़कियों को दिखावे की दुनिया से बाहर निकलकर अपनी असली क्षमताओं को पहचानना चाहिए और आत्मनिर्भर बनना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान श्रोताओं ने भी विभिन्न सवाल पूछे, जिनका डॉ. बराड़ ने विस्तार और स्पष्टता से जवाब दिया। इस मौके पर एस.के. अग्रवाल, डीएसपी हरसिमरन सिंह बल्ल, डॉ. बलदेव सिंह सप्तरिशी, गुरमीत सिंह जौड़ा, प्रभजोत कौर ढिल्लों व अन्य उपस्थित रहे।

यात्रा मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत श्रद्धालुओं में उत्साह, लगातार बढ़ रहा रजिस्ट्रेशन

विधायक कुलवंत ने तीर्थ यात्रा योजना के तहत बस को किया रवाना

समर न्यूज | मोहाली



विधायक कुलवंत सिंह ने आज मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत विधानसभा क्षेत्र मोहाली से 18वीं बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ब्लॉक अध्यक्ष कुलवंत कौर कोमल के नेतृत्व में बस को रवाना करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा राज्य के लोगों से किए गए सभी वादे और गारंटी पूरी की जा रही हैं और लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांगों का स्थायी समाधान किया जा रहा है। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक कुलवंत सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत पूरे पंजाब से बड़ी संख्या में श्रद्धालु रोजाना श्री दरबार साहिब, दुर्गियाना मंदिर, राम तीर्थ वाल्मीकि मंदिर, जलियांवाला बाग और बाघा बॉर्डर की यात्रा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे लोगों को इस योजना के बारे में जानकारी मिल रही है, वे उत्साह के साथ रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं। सरकार द्वारा श्रद्धालुओं के आने-जाने और ठहरने का पूरा प्रबंध किया गया है, जिससे किसी को कोई परेशानी नहीं होती। मेडिकल एक्सपर्ट और गाइड भी हर समय श्रद्धालुओं के साथ मौजूद रहते हैं।

विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि विपक्ष द्वारा तीर्थ यात्रा के दौरान हंगामे के लगाए जा रहे आरोप बेबुनियाद और झूठे हैं। उन्होंने कहा कि जब श्रद्धालु श्री दरबार साहिब, दुर्गियाना मंदिर और वाल्मीकि मंदिर राम तीर्थ जैसे पवित्र स्थलों पर जाते हैं, तो स्वाभाविक रूप से श्रद्धा का माहौल होता है और किसी प्रकार के विवाद की कोई गुंजाइश नहीं रहती। उन्होंने कहा कि जब तक सभी बूथों से तीर्थयात्रियों का रजिस्ट्रेशन होता रहेगा, तब तक यह तीर्थ यात्रा निरंतर जारी रहेगी। इस अवसर पर हलका कोऑर्डिनेटर एवं स्टेट अवार्डी फूलराज सिंह ने कहा कि इस योजना को लेकर लोगों में काफी उत्साह है और श्रद्धालु स्वयं आगे आकर रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं। तीर्थ यात्रा से लौटने के बाद श्रद्धालु अपने अनुभव साझा करते हैं और विधायक कुलवंत सिंह का आभार व्यक्त करते हैं। इस मौके पर फूलराज सिंह के अलावा सुरिंदर सिंह रोड़ा (सुहाना), नंबरदार हरसंगत सिंह (सुहाना), जगदीश सिंह (सुहाना), जगतार सिंह, जसविंदर सिंह पिंका, सुखदेव सिंह (सुहाना), मनोहर सिंह (सुहाना), रणधीर सिंह (सुहाना), सतनाम सिंह (सुहाना), मान सिंह, अमर सिंह, मनोहर लाल, हरि किशोर, सुखदेव सिंह, परमिंदर सिंह, निर्मल सिंह और कुलवंत सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

पंजाब किंग्स बनाम हैदराबाद मैच की टिकट बिक्री शुरू

समर न्यूज | चंडीगढ़

पंजाब किंग्स का आगामी होम मैच सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 11 अप्रैल, शनिवार को दोपहर 3:30 बजे न्यू चंडीगढ़ स्थित मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच के लिए टिकटों की बिक्री 3 अप्रैल शाम 4 बजे से शुरू हो गई है। ऑनलाइन टिकटें 'डिस्ट्रिक्ट' ऐप और वेबसाइट के माध्यम से खरीदी जा सकती हैं। सामान्य स्टैंड की टिकटें 2,000 से शुरू होंगी, वहीं हॉस्पिटैलिटी टिकट 8,500 और कॉर्पोरेट बॉक्स टिकट 17,500 से उपलब्ध हैं। ऑफलाइन टिकट बिक्री 6 अप्रैल से स्टेडियम और मोहाली स्थित पीसीए स्टेडियम (गेट-2 और 2ए) पर शुरू होगी।

धरमगढ़ जाने वाली सड़क बनी मौत का कुआं

धंसी सड़क और गहरी खाई, डिप्टी मेयर ने की तुरंत मरम्मत की मांग

समर न्यूज | मोहाली



मोहाली के पास स्थित गांव धरमगढ़ को जाने वाली सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि अब यह लोगों के लिए "मौत का कुआं" बनती जा रही है। इस मुद्दे को लेकर डिप्टी मेयर कुलजीत सिंह बेदी ने मौके का दौरा किया। डिप्टी मेयर कुलजीत सिंह बेदी ने बताया कि धरमगढ़ को जाने वाली सड़क की हालत बेहद खस्ता हो चुकी है। सड़क का एक बड़ा हिस्सा धंस चुका है और किनारों की मिट्टी बहकर पास के नाले में जा गिरी है, जिससे सड़क के साथ गहरी खाई बन गई है। उन्होंने कहा कि यह रास्ता धरमगढ़, फेज-11 और जगतपुरा सहित कई गांवों को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है, लेकिन मौजूदा हालात में लोगों को अपनी जान जोखिम में डालकर इस सड़क से गुजरना पड़ रहा है, खासकर रात के समय हादसे का खतरा और बढ़ जाता है। कुलजीत बेदी ने कहा कि यदि जल्द ही सड़क की मरम्मत नहीं की गई तो किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि यह रास्ता पूरी तरह बंद हो गया तो लोगों को करीब 10 किलोमीटर लंबा अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ेगा। डिप्टी मेयर ने संबंधित विभागों से अपील की है कि तुरंत कार्रवाई करते हुए सड़क के किनारे मिट्टी डालकर उसे मजबूत किया जाए और पूरी सड़क की मरम्मत कर लोगों को राहत दी जाए।